6.3 आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए सु-राज कालोनी के अंतर्गत जो भवन/प्रकोष्ट निर्मित किया जाना है उसका लोक निर्माण विभाग के प्रचलित दर सूची अनुसार अनुमानित लागत का आंकलन एवं कार्य पूर्ण करने की समयावधि। सु-राज कालोनी की निर्माण लागत, पर्यवेक्षण एजेंसी एवं वास्तुविद शुल्क अपसेट मूल्य के विरुद्ध समायोजित होगा। परियोजना मे आवश्यक अधोसंरचना जैसे पहुंच मार्ग, बाउंड्री, पेयजल, सीवेज व अन्य आवश्यक सामुदिक अधोसंरचना भी वित्तीय उपलब्धता के आधार पर शामिल की जायेगी।

6.4 उक्त भूखंड/भूखंडों का, जो चयनित विकासकर्ता को दिया जाना है का पूर्ण विवरण, पुर्नघनत्वीकरण नीति के अनुसार अपसेट मूल्य तथा उक्त भूखंड/भूखंडों के निवर्तन के चरण (Phase)।

6.5 शासकीय कोष में जमा की जानी वाली अतिरिक्त अनुमानित राशि एवं इसके चरणों का निर्धारण (Phase)।

7. परियोजना लागत के घटक:-

7.1 आवासहीन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए सु-राज कालोनी के अंतर्गत भवन/प्रकोष्ट/भूखण्ड की निर्माण लागत जिसमें स्थल विकास और भौतिक बुनियादी अधोसंरचना के लिए विकास एवं निर्माण लागत भी सम्मिलित हो।

7.2 पर्यवेक्षण एजेंसी को सु-राज कालोनी की लागत का 8 प्रतिशत पर्यवेक्षण एवं एस.क्यू.सी. एजेंसी के शुल्क के रूप में दिया जाएगा।

7.3 परियोजना लागत और पर्यवेक्षण शुल्क पर प्रचलित नियमानुसार लागू जी.एस.टी.।

7.4 वैधानिक अनुमतियों, विद्युत व्यवस्था, वृक्ष प्रत्यारोपण (Transplantation) आदि के लिए अन्य कोई कन्टीजेंसी चार्ज।

8. सुराज कालोनी के अंतर्गत निर्मित आवासीय इकाई प्राप्त करने हेतु पात्रता निर्धारण एवं आवंटन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तुत निर्देश पृथक से जारी किये जायेगे।

9. प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन :-

नीति के तहत ली जाने वाली परियोजना के अंतर्गत सु-राज कॉलोनी के निर्माण की वायबिलिटी तथा ई.डब्ल्यू.एस. आवास की मांग का निर्णय जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति के द्वारा किया जावेगा। यदि सु-राज कालोनी का निर्माण वायबल है तो ही प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) तैयार किया जाये।

9.1 **प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) :-**

पर्यवेक्षण एजेंसी द्वारा प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) तैयार किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से निम्न विश्लेषण शामिल किए जायेंगे :-

9.1.1 परियोजना में शामिल विभिन्न भूखंडों का खसरा और स्वामित्व विवरण एवं उनका मूल्य

9.1.2 सु-राज कालोनी एवं इसके निर्माण के लिए सीएलपी का प्रस्ताव

9.1.3 सु-राज कालोनी के आवास का प्रकार यानी बहुमंजिला या भूखंड

9.1.4 सु-राज कालोनी हेतु आवास/भूखण्ड का क्षेत्रफल म.प्र.नगर पालिका कालोनी विकास नियम, 2021 के नियम 10 (3) के ई.डब्ल्यू.एस. हेतु दिये गये क्षेत्रफल के अनुरूप रखा जायें।

9.1.5 निर्माण किए जाने वाले सु-राज कालोनी के आवासों की संख्या और इसकी परियोजना लागत

9.1.6 परियोजना के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका और जिम्मेदारीयॉ

9.1.7 भूमि उपयोग की स्थिति

9.1.8 सीएलपी के अपसेट मूल्य की गणना

9.1.9 तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट निम्न बिन्दुओ के आधार पर तैयार करी जाएगी

i. नीति के तहत प्रस्तावित परियोजना के लिए उपलब्ध भूमि

ii. बनाए जाने वाले सुराज कालोनी के आवासों का प्राक्कलन

iii.निवर्तन हेतु प्रस्तावित भूमि पर प्रस्तावित आवासीय/वाणिज्यिक भवनों के मूल्य

9.1.10 शासकीय कोष में जमा की जाने वाली राशि का अनुमान (Estimation)

9.2 **विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) :-**

साधिकार समिति से प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) के अनुमोदन के पश्चात् विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार किया जाए जिसमे वास्तुविद एवं अन्य परामर्शदाता के माध्यम से विस्तृत प्राक्कलन, वस्तुविदीय अकल्पना एवं अन्य समस्त विस्तृत विश्लेषण शामिल किया जाएगा।

10. नोडल विभाग :-

नगरीय विकास एवं आवास विभाग इस नीति के तहत तैयार की जाने वाली परियोजनाओ हेतु नोडल विभाग होगा एवं उसका दायित्व निम्नानुसार होगा :-

10.1 परियोनाओ से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां सक्षम प्राधिकारी से समयावधि में प्राप्त करना।

10.2 प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करना।

10.3 त्रिपक्षीय अनुबंध (पर्यवेक्षण एजेंसी, कलेक्टर अथवा भूमि के स्वामित्य की एजेंसी एवं विकासकर्ता) एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करना।

10.4 साधिकार समिति के अधिकार क्षेत्र की निविदाएँ समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सक्षम अनुमोदन प्राप्त करना।

10.5 साधिकार समिति के अधिकार क्षेत्र के मामलों को परीक्षण कर साधिकार समिति के आदेश हेतु प्रस्तुत करना।

10.6 परियोजना में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए साधिकार समिति से निर्देश प्राप्त करना।

10.7 पर्यवेक्षण एजेंसी के द्वारा इस नीति के तहत प्रस्तावित परियोजना को साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करना।

I. **पर्यवेक्षण एजेंसी :-**

11.1 पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में राज्य शासन के निम्न अधिकरण पर्यवेक्षण एजेंसी का कार्य कर सकेंगे :-

i. म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
ii. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अंतर्गत गठित प्राधिकरण।
iii. मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1965 एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत गठित नगरीय निकाय।
iv. लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कार्यरत परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं मध्य प्रदेश भवन विकास निगम।
v. स्मार्ट सिटी एस.पी.वी.
vi. मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन
vii. उपरोक्त के अतिरिक्त साधिकार समिति द्वारा अन्य किसी संस्था को भी पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में कार्य करने हेतु अधिकृत किया जा सकता है।

11.2 **पर्यवेक्षण एजेंसी के दायित्व निम्नानुसार होंगे :-**

i. प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, निविदा प्रपत्र है एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों के प्रारूप तैयार करना।
ii. निविदा आमंत्रित करना, प्राप्त निविदा को अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना।
iii. स्वीकृत निविदा के अनुसार समय मर्यादा में कार्य पूर्ण करना एवं निर्मित किफायती आवास संबंधित नगरीय निकाय को हस्तांतरित करना।
iv. सु-राज कालोनी के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यक अनुमतियाँ यथा संभव पूर्व में ही प्राप्त करना। इन अनुमतियों पर किया जाने वाला व्यय परियोजना पर भारित किया जाएगा।
v. सु-राज कालोनी में निर्मित परिसम्पत्ति का आवंटन करना एवं इससे प्राप्त राशि का नीति के अनुसार शासकीय कोष में जमा करना।

11.3 पर्यवेक्षण एजेंसी को निम्नानुसार पर्यवेक्षण शुल्क (Supervision Charge) एवं वास्तुविद् या परामर्शदाता शुल्क देय होगा :-

परियोजना में प्रस्तावित सु-राज कालोनी के निर्माण कार्य की लोक निर्माण विभाग की वर्तमान दर सूची अनुसार लागत के आधार पर पर्यवेक्षण एजेंसी को पर्यवेक्षण शुल्क वास्तुविद शुल्क, एस.क्यू.सी. शुल्क मिलाकर अधिकतम 8 प्रतिशत देय होगा।

पर्यवेक्षण एजेंसी को देय समस्त शुल्कों पर प्रभावशील जी.एस.टी. अथवा तत्समय पुनरीक्षित/लागू होने वाले अन्य समस्त कर भी देय होंगे।

11.4 पर्यवेक्षण एजेंसी को पर्यवेक्षण शुल्क परियोजना हेतु निविदा स्वीकृति के अनुसार चयनित विकासकर्ता के माध्यम से योजना की प्रगति अनुसार निर्धारित किश्तों में प्राप्त होगा।

12. विकासकर्ता :-

12.1 नीति के अंतर्गत चयनित पर्यवेक्षण एजेंसी, रिडेन्सीफिकेशन नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी आंतरिक कार्रवाई कर परियोजना के क्रियान्वयन हेतु विकासकर्ता का चयन कर सकेगी।

12.2 **चयनित विकासकर्ता प्रमुखतः निम्नानुसार निर्माण करेगी :-**

i. अनुमोदित डीपीआर एवं निविदा शर्तो के अनुसार समस्त निर्माण करना ।

ii. विकासकर्ता सीएलपी भूमिस्वामी अधिकार में प्राप्त कर प्रचलित विधि अनुसार उपयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।

13. नीति के अंतर्गत विभिन्न प्राधिकृत समितियां :-

13.1 साधिकार समिति :-

मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में साधिकार समिति होगी। समिति में निम्नानुसार अधिकारी सदस्य होंगे :-

क	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग	सदस्य
ख	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन वित्त विभाग	सदस्य
ग	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग	सदस्य
घ	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग	सदस्य
ड	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन वाणिज्यिक कर विभाग	सदस्य
च	प्रमुख सचिव म.प्र. शासन लोक परिसम्पति प्रबंधन विभाग	सदस्य
छ	आयुक्त, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भोपाल	सदस्य सचिव
ज	आयुक्त, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल	सदस्य
	विशेष आमंत्रित-	
1	संबंधित जिला कलेक्टर/ आयुक्त (नगरीय निकाय)/ पर्यवेक्षण एजेंसी	विशेष आमंत्रित

समिति के सचिव के द्वारा PPR एवं DPR प्रस्ताव साधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साधिकार समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण मुख्य सचिव के अनुमोदन उपरान्त सचिव के हस्ताक्षर से जारी किया जाएगा।

13.2 जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति :-

जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित होगी, जिसमे निम्नानुसार सदस्य होंगे :-

क	लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से अनिम्न अधिकारी	सदस्य
ख	पर्यवेक्षण एजेन्सी के कार्यपालन यंत्री से अनिम्न अधिकारी	संयोजक सदस्य
ग	नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के उप संचालक स्तर से अनिम्न अधिकारी	सदस्य
घ	जिला पुलिस अधीक्षक	सदस्य
ड	आयुक्त नगर निगम (जहां नगर निगम है)/मुख्य नगर पालिका अधिकारी	सदस्य
च	संबंधित विभाग के जिला प्रमुख जिनकी भूमि/भवन पर सु-राज योजना लिया जाना है।	सदस्य

आवश्यकता अनुसार जिला कलेक्टर, जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति में अन्य विभाग के अधिकारी/अधिकारियों को भी आमंत्रित कर सकेगें।

समिति PPR एवं DPR को साधिकार समिति में रखे जाने की अनुशंसा करेगी।

समिति द्वारा PPR अनुशंसा के समय सर्वप्रथम सु-राज कॉलोनी के निर्माण की व्यवहार्यता एवं अन्य निम्नलिखित तथ्यों के बारे में निर्णय लिया जायेगा:-

i. सु-राज कॉलोनी का निर्माण व्यवहार्यता है अथवा नहीं।
ii. सु-राज परियोजना के आसपास की भूमि का विकास।
iii. प्रस्तावित सु-राज कॉलोनी की भूमि शहर के मध्य अथवा शहर से दूर आदि विवरण।
iv. प्रधान मंत्री आवास योजना (PMAY) या अटल आश्रय योजना की परियोजना शहर में है अथवा नहीं। उक्त परियोजनाओ अविक्रित इकाइयों की संख्या।
v. सु-राज कॉलोनी की स्थिति के अनुसार ग्राम अथवा शहर में बहुमंजिलें अपार्टमेंट अथवा स्वतंत्र भवन अथवा भूखंड की मांग।
vi. प्रकोष्ठ/भूखण्ड के क्षेत्रफल एवं आवंटन की प्रक्रिया के विकल्प की अनुशंसा
vii. अधोसंरचना जैसे पानी, बिजली, सड़क तथा सीवेज का आकलन एवं अनुशंसा।
viii. वैधानिक अनुमतियों का परीक्षण।
ix. सी.एल.पी. एवं सुराज कालोनी का भू-उपयोग एवं उपांतरण की आवश्यकता।

x. प्रस्तावित सी.एल.पी. एवं सुराज कालोनी हेतु भूमि का Encumbrance free होना।

इस नीति के तहत सु-राज कालोनी के निर्माण वायबल पाये जाने पर जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति प्रस्तावित परियोजना को अनुमोदित एवं अग्रेषित करेगी। जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति का कार्यवाही विवरण जिला कलेक्टर के अनुमोदन एवं हस्ताक्षर से जारी किया जाएगा।

परियोजना स्वीकृति की प्रक्रिया :-

14.1 प्रत्येक परियोजना के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति के माध्यम से निम्नानुसार स्वीकृतियां की जाएगी :-

i. जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति की अनुशंसा एवं पर्यवेक्षण एजेंसी द्वारा तैयार प्रारम्भिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) का अनुमोदन।

ii. परियोजना के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) एवं निविदा प्रपत्र त्रिपक्षीय अनुबंध एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों के प्रारूप का अनुमोदन।

iii. निविदा स्वीकृति

14.2 प्रस्तावित परियोजना को पर्यवेक्षण एजेंसी viable पाने पर जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। यह प्रस्ताव प्रारम्भिक परियोजना प्रतिवेदन (PPR) के रूप में होगा।

14.3 पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने पर जिला स्तरीय आंकलन एवं परियोजना समिति योजना को स्वीकृत करने की अनुशंसा के संबंध में निर्णय लेगी।

14.4 पर्यवेक्षण एजेन्सी कंडिका क्रमांक 14.3 में प्राप्त अनुशंसा सहित प्रकरण साधिकार समिति के निर्णय हेतु नोडल विभाग को अग्रेषित करेगी।

14.5 प्राप्त प्रस्ताव की संक्षेपिका को आयुक्त, म0प्र0 गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा साधिकार समिति के समक्ष निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जावेगा।

14.6 साधिकार समिति की स्वीकृति के पश्चात् पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा परियोजना प्रस्ताव का विस्तृत प्रतिवेदन निविदा प्रपत्र एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों को तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी। इस हेतु पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा आवश्यकतानुसार वास्तुविद परामर्शदाता या अन्य परामर्शदाता नियुक्त किया जा सकेगा।

14.7 उपरोक्तानुसार दस्तावेज तैयार होने पर पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा डीपीआर साधिकार समिति के अनुमोदन के लिए संक्षेपिका सहित नोडल विभाग को अग्रेषित किया जाएगा।

14.8 निविदा आमंत्रित करने के पूर्व सुराज कालोनी एवं सी.एल.पी. की Encumbrance free भूमि पर्यवेक्षण एजेंसी को सौंपी जायेगी।

14.9 साधिकार समिति की स्वीकृति प्राप्त होने के स्थिति में पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा परियोजना हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी।

14.10 निविदा आमंत्रित करने हेतु निविदा का आरक्षित मूल्य (अपसेट मूल्य) निम्नानुसार निर्धारित किया जाएगा।

i. सु-राज परियोजना के अंतर्गत निवर्तन हेतु प्रस्तावित भूखंड/भूमि के आरक्षित मूल्य (अपसेट मूल्य) का निर्धारण पुर्नघनत्वीकरण नीति के प्रावधानों के अनुसार।

ii. किसी विशिष्ट परिस्थिति में यदि आरक्षित मूल्य (अपसेट मूल्य) का निर्धारण उक्त नीति से भिन्न रखा जाना आवश्यक हो तो, औचित्य एवं कारण सहित साधिकार समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा जा सकेगा एवं साधिकार समिति के निर्णयानुसार अपसेट मूल्य निर्धारित किया जा सकेगा।

14.11 परियोजना में किये जाने वाले सु-राज कालोनी के आवास निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृती पर्यवेक्षण एजेंसी की आतंरिक व्यवस्था अनुसार सक्षम तकनीकी प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति दी जाएगी।

14.12 पर्यवेक्षण एजेंसी द्वारा परियोजना की निविदा एक चरण में किन्तु दो भागों (Single Stage Two Cover) में आमंत्रित की जाएगी:-

i. तकनीकी निविदा

ii. वित्तीय निविदा

सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोलने के पश्चात् जो निविदाकर्ता तकनीकी मापदण्ड के अनुसार योग्य पाया जाता है, उसी निविदाकर्ता की वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

14.13 निविदा में सामान्यतः निम्नानुसार तकनीकी मापदण्ड रखे जाए:-

क्र.	अर्हता मापदण्ड	न्यूनतम अर्हता
1	निर्माण अनुभव	परियोजना में सु-राज कालोनी निर्माण की अनुमानित मूल्यांकन का 50 प्रतिशत प्रतिवर्ष निर्माण कार्य संपादन। यह अर्हता प्रमाण पत्रों तथा अंकेक्षित तुलन पत्रक (Balance Sheet) के आधार पर निर्धारित की जावेगी।

2	टर्न ओवर (Turn Over)	परियोजना में निर्धारित अपसेट मूल्य का 40 प्रतिशत वार्षिक टर्न ओवर (Turn Over)। यह अर्हता अंकेक्षित तुलन पत्रक (Balance Sheet) के आधार पर निर्धारित होगी।

साधिकार समिति परियोजनाओं की परिस्थिति एवं निविदाकर्ताओं की भागीदारी की संभावनाओं के आधार पर तकनीकी मापदण्ड बदल सकेगी।

14.14 इस नीति के अंतर्गत निविदा समिति व निविदा प्रक्रिया वही होगी जो पुनर्घनत्वीकरण नीति 2022 में प्रावधानित है।

15. विकासकर्ता को दी जाने वाली शासकीय भूमि :

15.1 त्रिपक्षीय अनुबंध निष्पादन एवं EWS आवास निर्माण के दौरान चयनित विकासकर्ता को दी जाने वाली सीएलपी की भूमि का निवर्तन "भूमि स्वामी" आधार पर विक्रय विलेख पंजीयन के माध्यम से निविदा में निर्धारित चरणों के अनुसार किया जावेगा।

15.2 विकासकर्ता को भूमि स्वामी आधार पर भूमि का निवर्तन विक्रय विलेख पंजीयन के माध्यम से कलेक्टर द्वारा निष्पादित किया जाएगा और यह मामला मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश- 2020 या किसी अन्य समिति के अंतर्गत राजस्व विभाग को संदर्भित करने की आवश्यकता नहीं होगी।

15.3 निवर्तन की जाने वाली भूमि हेतु प्रचलित विकास योजना अथवा विकास योजना प्रचलित ना हो या विकास योजना में विशिष्ट उल्लेख ना हो तो म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार नियोजन मानक (**Planning norms**) जैसे कि क्षेत्रफल, फर्शी अनुपात क्षेत्र (**Floor Area Ratio**) आच्छादित क्षेत्र (**Ground Coverage**) एवं भूमि उपयोग की स्थिति पूर्व से ही स्पष्ट दशाई जाए। यदि उक्त भूमि पर म0प्र0 हस्तांतरणीय विकास अधिकार नियम- 2018 के तहत अतिरिक्त फर्शी अनुपात क्षेत्र (**Floor Area Ratio**) प्राप्त हो सकता हो, तो वह भी दर्शाया जायें। आवश्यक विकास अनुमति यथासंभव पूर्व से ही प्राप्त की जावे।

16. निवर्तन की गई भूमि का उपयोग :-

16.1 इस योजना में चयनित विकासकर्ता को आवासीय/व्यवसायिक भवनों के निर्माण के लिए भू-स्वामी अधिकार पर उपलब्ध कराई गई भूमि का उपयोग

प्रचलित विकास योजना के अनुरूप किया जाएगा। ऐसे निर्माण हेतु समस्त वैधानिक अनुमतियां चयनित विकासकर्ता द्वारा ही ली जाएगी।

16.2 सु-राज परियोजना के अंतर्गत विकासकर्ता के पक्ष में निवर्तन की गई भूमि के लिए कलेक्टर द्वारा निर्धारित भू-राजस्व, स्टाम्प शुल्क आदि देय होगा। हस्तातंरण के पूर्व के कोई शासकीय दायित्व विकासकर्ता द्वारा देय नहीं होगें, अपितु वह परियोजना लागत में शामिल होगें। हस्तातंरण उपरान्त समस्त शुल्क आदि विकासकर्ता द्वारा ही देय होगें।

16.3 सीएलपी के रूप में प्रस्तावित भूमि को भूमि स्वामित्व के आधार पर विकासकर्ता को हस्तांतरित किया जाएगा। सीएलपी का हस्तांतरण एक या एक से अधिक भू-खण्डों के रूप में किया जा सकेगा।

16.4 भूमि-उपयोग उपान्तरण की आवश्यकता पर साधिकार समिति द्वारा PPR अनुमोदन के समय पर निर्णय लिया जायेगा एवं पर्यवेक्षण एजेंसी निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भू-उपयोग उपांतरण की कार्यवाई करेगी।

17. **निर्मित परिसंपत्तियों का रख रखाव :-**

17.1 सु-राज कालोनी के प्रस्तावित आवासों का निर्माण करने के पश्चात् इकाईयों का आवंटन आवंटियों को पर्यवेक्षण एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

17.2 सुराज परियोजना हेतु विकासकर्ता के नियुक्ति के बाद पर्यवेक्षण एजेंसी के द्वारा प्रस्तावित सु-राज कालोनी के आवासों की आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी।

17.3 पर्यवेक्षण एजेंसी के द्वारा निर्माणाधीन सु-राज कालोनी की आवासो की आवंटन की राशि अधिकतम चार किश्तों में निर्माण के चरण (Stage of Construction) से जोडकर प्राप्त की जा सकेगी। निर्मित इकाईयों हेतु यह राशि एकमुश्त प्राप्त की जा सकेगी।

17.4 यदि सु-राज कॉलोनी को इसके आवंटियों के लिए प्लॉटेड डेवलपमेंट के रूप में विकसित किया जाता है, तो ऐसे प्लॉटों को संबंधित पर्यवेक्षण एजेंसी से प्राप्त आवंटियों की सूची अनुसार कलेक्टर द्वारा "भूमि स्वामी" आधार पर हस्तांतरित क़िया जाएगा।

17.5 प्रस्तावित सु-राज कालोनी में पूर्णता के पश्चात 03 वर्षो तक विकासकर्ता का बाहय सेवाओं (जैसे लिफ्ट, कॉरिडोर व सीढियों की लाइट, जल प्रदाय व्यवस्था, जल-मल निकासी एवं सफाई, पार्क व पार्किंग का रख-रखाव आदि) के रख-रखाव/संचालन/मरम्मत का दायित्व रहेगा। इसके उपरान्त रख-

रखाव/संचालन/मरम्मत हेतु इसे आर.डब्ल्यू.ए. को हस्तातंरित किया जायेंगा। परन्तु उक्त 3 वर्ष की अवधि में विदयुत देयक, जल देयक, स्थानीय निकायों के शुल्क व सम्पत्ति कर आवंटिती या आर.डब्ल्यू.ए. ही वहन करेगें।

17.6 सु-राज कालोनी के लिए दोष दायित्व अवधि (Defect liability period) 05 होगी। निर्माण में किसी प्रकार की त्रुटि एवं कमी होने पर उसे दूर करने/उसकी मरम्मत करने का दायित्व पर्यवेक्षण एजेंसी पर होगा। इस हेतु चयनित विकासकर्ता से ली जाने वाली परफॉर्मेंस गारंटी (बैंक गारंटी) की अवधि निर्माण पूर्णता से 05 वर्ष तक हो यह सुनिश्चित किया जाए।

18. परियोजना को वायबल बनाने के लिये प्रस्तावित छूट

18.1 नीति के तहत ली जा रही परियोजनाओं में (सुराज कालोनी एवं सी.एल.पी. पर निर्माण) विकासकर्ता को मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के नियम 10 के तहत एल.आई.जी./ई.डब्लू.एस./आश्रय शुल्क/अतिरिक्त आश्रय शुल्क जमा करने तथा नियम 13 के तहत संपत्ति बंधक रखना अथवा बैंक गैरेंटी प्रस्तुत करने से छूट रहेगी। मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 को तदानुसार संशोधित पढा जावेगा।

19 पर्यवेक्षण एजेन्सी द्वारा क्रियान्वयन :-

क साधिकार समिति अगर चाहे तो पर्यवेक्षण एजेंसी को स्वयं ही विकासकर्ता के रूप में नियुक्त कर सकती है।

ख उपरोक्त स्थिति में पर्यवेक्षण एजेंसी को पर्यवेक्षण शुल्क और अन्य शुल्क नीति के अनुरूप देय होगा।

शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2023

//सूचना//

क्रमांक एफ–3–18/2013/32 : मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा–23 सहपठित धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद् द्वारा सूचना दी जाती है, कि राज्य सरकार द्वारा संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश की सूचना क्रमांक 2655–496/वि.यो./नग्रानि/2018 भोपाल दिनांक 16 मई 2018 जो राजपत्र दिनांक 31 मई 2018 द्वारा प्रकाशित इन्दौर विकास योजना 2021 में उपांतरण हेतु सूचना द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार इन्दौर निवेश क्षेत्र के लिये विकास योजना–2021 में उपांतरण हेतु अंतिम सूचना राज्य शासन द्वारा दिनांक 20.03.2020 (राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 1 मई 2020) को जारी की गई थी। इसी की निरन्तरता में नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 (1) में अनुमोदित किया गया है तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात :–

1. आयुक्त, इन्दौर संभाग, इन्दौर मध्य प्रदेश
2. कलेक्टर, इन्दौर जिला इन्दौर, मध्य प्रदेश
3. आयुक्त, नगर पालिक निगम, इन्दौर, मध्य प्रदेश
4. संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय इन्दौर मध्य प्रदेश

अनुसूची

इन्दौर विकास योजना 2021 में कंडिका क्रमांक 6.20.1 सारणी 6.22 के सरल क्रमांक निम्नानुसार जोड़ा जाता है, अर्थात् :–

S.No.		Residential	General Commercial	Mandi Whole sale Specialized Commercial	Industrial	Recreation	Agricultural	Transportation	PSP
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
109	Non Pollution Industries	NP	NP	NP	P	NP	P	NP	NP

भोपाल, दिनांक 31 मार्च 2023

सूचना

क्रमांक–यूडीएच–3/0057/2023/18–5:– मध्यप्रदेश नगर तथा 'ग्राम' निवेश अधिनियम (संशोधित) 1973 (क्रमांक–1 सन् 2012), की धारा 23–''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद् द्वारा वि0क0अ0 सह आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल की सूचना क्रमांक–45/टी सी/157/श्योपुर/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल दिनांक 03/01/2023 द्वारा प्रस्तावित किये गये अनुसार प्रवर्तित श्योंपुर विकास योजना 2021 में निम्नानुसार उपांतरण की पुष्टि करती है। उपांतरण ब्यौरे एवं शर्ते निम्नानुसार है:–

अनुसूची

क्र.	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू–उपयोग	उपांतरण पश्चात् प्रस्तावित भू–उपयोग
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	ग्राम कस्बा श्योपुर तहसील एवं जिला श्योपुर	248/1	0.0880	आवासीय एवं मार्ग	मिश्रित एवं मार्ग
		250/1	0.0790	आवासीय एवं मार्ग	
		250/3	0.1880	आवासीय एवं मार्ग	
		252/1	0.0100	आवासीय	
		254/1	0.0100	आवासीय	
		267/1	0.1470	आवासीय	
		268/1	0.1470	आवासीय एवं मार्ग	
		योग :–	कुल रकबा 0.6690 हेक्टेयर		

नोट:–

1 श्योपुर विकास योजना, 2021 में प्रश्नाधीन भूमि के सम्मुख मार्ग पाली हाईवे की चौड़ाई 40.00 मीटर निर्दिष्ट है, अतः मार्ग मध्य से दोनों ओर मार्ग विस्तार हेतु 20.00 –20.00 मीटर भूमि उपलब्ध कराना आवश्यक होगा ।

2 प्रश्नाधीन भूमि के मध्य में स्थित मार्ग की चौड़ाई का निर्धारण विकास अनुज्ञा के समय किया जावेगा ।

शर्तें:–

1. उक्त मिश्रित भूमि उपयोग परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य गतिविधियों हेतु आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक उपयोग परिक्षेत्र में उल्लेखित समस्त गतिविधियॉ मान्य होगी ।
2. उक्त मिश्रित गतिविधियों हेतु नियमन तथा विकास मानदण्ड म0प्र0 भूमि विकास नियम, 2012 एवं श्योपुर विकास योजना, 2021 के प्रावधानुसार लागू होगें ।
3. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी ।
4 उपरोक्त उपांतरण श्योपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर (भू–अर्जन), जिला रतलाम, मध्यप्रदेश

क्र.–620–भू–अर्जन–23–प्र.क्र.–12–अ–82–2022–23 रतलाम, दिनांक 13 मार्च 2023

(अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन की आपसी से भूमि क्रय नीति 2014)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'अनुभाग आलोट के अलीगढ तालाब निर्माण' योजना अंतर्गत जिला रतलाम की तहसील ताल के प.ह.नं.05 ग्राम असावता के 29 खाताधारको की निजी भूमि मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय के आदेश कमांक एफ 12–2/2014/ सात/2 ए/भोपाल दिनांक 12/11/2014 के तहत आपसी सहमति से कय किया जाना प्रस्तावित है।

अतः निम्नलिखित भूमि में किसी व्यक्ति/संस्था को भूमि स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में आधार सहित आपत्ति प्रस्तुत करे । नियत अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

क.	कृषकगण का नाम व पिता/पति का नाम	खसरा क्रमांक	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर में)			परिसम्पत्ति का विवरण
			सिंचित	असिंचित	कुल	
1	नागुसिह पिता भग्गाजी जाति गुर्जर	620/1/2	–	0.500	0.500	–
		621/3	–	1.052	1.052	–
		629	–	0.700	0.700	–
2	कचरू पिता दुलेसिह जाति गुर्जर	626/1/1	0.222	–	0.222	–
3	भारतसिह गोकुलसिह जाति गुर्जर	623/1/1	–	0.506	0.506	–
		623/1/4	–	0.253	0.253	–
		623/2/1	–	0.351	0.351	–
		628/1	–	0.607	0.607	–
4	गुमानसिह पिता बालुसिह जाति राज.	623/1/2	0.253	–	0.253	–
		626/2/3	0.351	–	0.351	–
		628/3	0.303	–	0.303	–
5	मानसिह पिता बापूसिह जाति गुर्जर	623/1/3	0.253	–	0.253	–
		626/2/4	0.351	–	0.351	–
		628/2	0.304	–	0.304	–
6	मनोहरसिह पिता रतनसिह जा.गुर्जर	626/1/2	0.221	–	0.221	–
7	श्यामलाल,बाबुलाल पिता भीमा,गमेर बाई बेवा बालु जाति गुर्जर	626/2/1	–	1.053	1.053	–
8	पर्वतसिह पिता गोकुलसिह जा गुर्जर	626/2/2	–	0.161	0.161	–
9	ईश्वरसिह पिता रतनसिह जा गुर्जर	620/2/2/1	0.077	–	0.077	–
10	कंवरलाल,सोहनबाई बेवा कंवरलाल	631/2	–	0.114	0.114	–
		1130/2/2	–	0.630	0.630	–
11	जरेसिह पिता अमरसिह व गीताबाई बेवा अमरसिह	1130/2/1	–	0.175	0.175	–
12	शंकर पिता भुवन जाति गुर्जर	633	0.481	–	0.481	–
13	बालु पिता मानसिह जाति गुर्जर	1131/3/1	0.060	–	0.060	–
		1134/2/1/5	0.083	–	0.083	–
		1134/1/1/1	0.375	–	0.375	–
14	शंकर पिता उंकारलाल गुर्जर	1131/1/4/1	0.110	–	0.110	–
15	विकम पिता उंकारलाल गुर्जर	1131/1/4/2	0.430	–	0.430	–
16	बालु पिता बापूसिह गुर्जर	1132/2	0.202	–	0.202	–
		1133/3	0.179	–	0.179	–
17	बालु पिता भेरू जाति गुर्जर	1132/3/1	0.252	–	0.252	–
18	मनोहर,भारत पिता माधुराम कंवर बेवा माधु जाति गुर्जर	1132/3/2	–	0.063	0.063	–
		1131/2/1	–	0.190	0.190	–
19	गोकुल पिता वगा जाति गुर्जर	1132/4	–	0.126	0.126	–
		1134/2/1/2	–	0.126	0.126	–
20	जयसिह,भुवानसिह,बादरसिह पिता लक्ष्मण जाति गुर्जर	1133/1	0.036	–	0.036	–
		1134/2/1/4	0.104	–	0.104	–
21	करणसिंह पिता दुलेसिह	567	0.190	–	0.190	–
22	गोकुल पिता रामलाल गुर्जर	1134/1/2	–	0.506	0.506	–
23	उंकारसिह पिता माधु जाति गुर्जर	1134/2/1	0.126	–	0.126	–
24	रायसिह पिता भंवर जाति गुर्जर	1134/2/1/3	0.406	–	0.406	–
25	सोहनबाई पति रतनसिह, मागुबाई पिता रतनसिह	620/2/2	0.429	–	0.429	–
26	जशोदाबाई पति हरेसिह गुर्जर	1134/1/1/3	0.376	–	0.376	–
		1134/1/5/3	0.083	–	0.083	–
27.	शबीबाई बेवा कानसिह जाति गुर्जर	1134/1/1/3	0.375	–	0.375	–
		1134/1/5/3	0.084	–	0.084	–
28	भेरू पिता शवजी व पेपाबाई बेवा शवजी जाति गुर्जर	1136/2	0.253	–	0.253	–
29	दल्लीबाई पति गोकुल जाति गुर्जर	1134/2/2	0.190	–	0.190	–
	कुल योग–	–	7.409	7.123	14.532	–

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आलोट एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग रतलाम के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है ।

क्र.–622–भू–अर्जन–23–प्र.क्र.–12–अ–82–2022–23

(अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना से भूमि क्रय नीति 2014)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "अनुभाग आलोट के अलीगढ तालाब निर्माण' योजना अंतर्गत जिला रतलाम की तहसील ताल के प.ह.नं.17 के ग्राम खेजडिया सांधियान के 16 खाताधारको की निजी भूमि मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय के आदेश कमांक एफ 12–2/2014/ सात/2 ए/भोपाल दिनांक 12/11/2014 के तहत आपसी सहमति से क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

अतः निम्नलिखित भूमि में किसी व्यक्ति/संस्था को भूमि स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में आधार सहित आपत्ति प्रस्तुत करे । नियत अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

क्र.	कृषकगण का नाम व पिता/पति का नाम	खसरा कमांक	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर में)			परिसम्पत्ति का विवरण
			सिंचित	असिंचित	कुल	
1	अमरसिह,मानसिह पिता रतनसिह जाति गुर्जर नि. असावता	42	0.620	–	0.620	–
2	गोकुलसिह,शंकरसिह,बादरसिह,रूकमणीबाई,कंकुबाई पिता कालुसिह,गंगाबाई बेवा कालुसिह गुर्जर	43	0.310	–	0.310	–
3	नरभेसिह कालुसिह गुर्जर	44/1	–	0.160	0.160	–
		46/1	–	0.040	0.040	–
		47/2/1	–	0.080	0.080	–
4	गीताबाई बेवा बालुसिह गुर्जर	44/2	–	0.192	0.192	–
5	बादरसिह पिता कालुसिह गुर्जर	45/1	0.150	–	0.150	–
		53/2	0.360	–	0.360	–
6	गोकुलसिह पिता कालुसिह गुर्जर	45/2	0.150	–	0.150	–
		53/1	0.390	–	0.390	–
7	जुझारसिह पिता बालुसिह गुर्जर	46/2	0.030	–	0.030	–
		53/3/1	0.240	–	0.240	–
		47/2/2	0.060	–	0.060	–
8	श्यामसिह बालुसिह गुर्जर	46/3	–	0.030	0.030	–
		53/3/2	–	0.260	0.260	–
		47/2/3	–	0.050	0.050	–
9	फतेसिह पिता बालुसिह गुर्जर	46/4	–	0.070	0.070	–
		53/3/3	–	0.260	0.260	–
10	सरतानबाई बेवा बापूलाल एवं पुत्र राधुसिह, तोफानसिह पिता बापूलाल व पुत्री कचरीबाई, निर्मलाबाई पिता बापूलाल	47/1	0.366	–	0.366	–
11	फुलबाई बेवा नगजी सोंधिया	48	–	0.900	0.900	–
12	शबीबाई पिता कानसिह व जसोदाबाई पति हरिसिह	52/1	–	0.630	0.630	–
13	नंदीबाई,जमनाबाई,फत्तीबाई पिता अमरा,वरदीबाई बेवा अमरा,बहादुरसिह,कमलसिह,खुषालबाई,राधाबाई श्यामाबाई पिता भगवानसिह,भूलीबाई बेवा भगवानसिह जाति गुर्जर	52/2	–	0.380	0.380	–
14	बालुसिह पिता अमरसिह जाति गुर्जर	54	0.042	–	0.042	–
15	भगवानसिह पिता अमरसिह	57	0.060	–	0.060	–
		58	0.089	–	0.089	–
16	श्यामसिह,जुवानसिह,जीवनसिह,रूकमणबाई पिता इंदरसिह व मानकुंवर बेवा इंदरसिंह. जाति राज.	59	–	0.220	0.220	–
		कुल योग–	3.131	3.1		

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आलोट एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग रतलाम के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है ।

नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र.–02–भू–अर्जन–2022–23

दमोह, दिनांक 14 मार्च 2023

प्रकरण क्रमांक 0001 अ–82 वर्ष 2022–23 :– चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद(1) में वर्णित भूमि सम्पत्ति की अनुसूची के पद(2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि की आवश्यकता हैं, आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भू–अर्जन पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार यह घोषित किया जाता हैं कि अर्जित भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैं।

अनुसूची

1. भूमि का वर्णन :– निजी खाता
   (क) जिला – दमोह
   (ख) तहसील– हटा
   (ग) नगर/ग्राम– कांटी
   (घ) लगभग क्षेत्रफल– 0.49 हे.

क्रं.	भूधारक का नाम	खसरा नं.	अर्जित रकवा (हे.में)
1	मंदिर कमेटी सा0 हटा प्रबंधक कलेक्टर महोदय दमोह	335	0.27
2	दरवारी पिता भंगा अहिरवार पता कांटी	321	0.08
3	प्यारेलाल,बखत वली रामचरन पितादान पिता रामेश्वर ,जगदीश,महेश,उमाप्रसाद,गोकलरानी पता कांटी	322	0.14
	कुल		0.49 हे.

2. **सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता :–** विनती–मड़ियादो मार्ग के कि.मी.11/6 में लोकल(घुघरी) नाले पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण।
3. भूमि का नक्षा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू–अर्जन अधिकारी उपखंड हटा तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग सागर के कार्यालय में देखा जा सकता है।
4. उल्लेखित भूमि के हितबद्ध कोई भी व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अर्जन के संबंध में आक्षेप लिखित में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू–अर्जन अधिकारी हटा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस.कृष्ण चैतन्य, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र.–2141–भू–अर्जन–2023 सिवनी, दिनांक 20 मार्च 2023

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की धुपघटा जलाशय परियोजना के नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्व व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग कमांक 1 सिवनी जिला सिवनी को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।

अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रकिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार भोपाल द्वारा दिनांक 17/04/2015 को स्वीकृति प्रदान की गई है। अतः अधिनियम की धारा 11(3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है:–

1 ग्राम का नाम :– मचवाडा प.ह.नं. :– 63 रा.नि.मं. :– आदेगांव तहसील :– लखनादौन जिला :– सिवनी

2 अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :– 2.91 हेक्टेयर

स. क.	सर्वेक्षण कमांक	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (हे0 में)	हितबद्व व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएं				वृक्ष		संरचना	
						उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	प्रगति किस्म	संख्या	प्रकार	लिंथ एरिया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	345/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.29	सोमतीबाई बेवा झनकसिंह दिनेशकुमार विनीता पिता झनकसिंह जाति गोड नि.ग्रा भूमिस्वामी	मनोबाई घ.प.स्व. बखतसिंह बगैरह जाति लोधी की भूमि	सोमतीबाई बेवा झनकसिंह बगैरह जाति गोड की भूमि	शिवराम दिलीपसिंह इमरत की भूमि	सोमतीबाई बेवा झनक बगैरह की शेष भूमि	–	–	–	–

2	346	भूमिस्वामी	कृषि	0.07	शिवराम दिलीपसिंह इमरत पिता तीरथ जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	मनोबाई ध.प.स्व. बखतसिंह बगैरह जाति लोधी की भूमि	सोमतीबाई बेवा झनक बगैरह की भूमि	शिवराम दिलीपसिंह इमरत की शेष भूमि	सोमतीबाई बेवा झनकसिंह बगैरह जाति गोड की भूमि	—	—	—	—
3	317/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.31	मनोबाई ध0प0स्व0 बखतसिंह इंदिराबाई आशाबाई पिता बखत सिंह जाति लोधी नि.ग्रा भूमिस्वामी	राजकुमार ना. पिता मनोहर की भूमि	सोमतीबाई बेवा झनकसिंह बगैरह की भूमि	मनोबाई ध.प.स्व. बखतसिंह बगैरह की शेष भूमि	मनोबाई ध.प.स्व. बखतसिंह बगैरह की शेष भूमि	—	—	—	—
4	317/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.01	राजकुमार नाबा. पिता मनोहर संरक्षक मां इन्द्राबाई जाति लोधी नि. लखनादौन भूमिस्वामी	ओमनारायण बगैरह की भूमि	मनोबाई ध.प.स्व. बखतसिंह बगैरह जाति लोधी की भूमि	राजकुमार ना. पिता मनोहर जाति लोधी की शेष भूमि	डालचंद पिता नर्मदा की भूमि	—	—	—	—
5	316	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	डालचंद पिता नर्मदाप्रसाद जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	ओमनारायण बगैरह की भूमि	मनोबाई ध.प.स्व. बखतसिंह बगैरह जाति लोधी की भूमि	ओमनारायण बगैरह की भूमि	डालचंद पिता नर्मदा की शेष भूमि	—	—	—	—
6	309/1/2/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.18	ओमनारायण नरेन्द्रकुमार पि. देवराम जाति मेहरा नि.ग्रा भूमिस्वामी	ओमनारायण बगैरह की भूमि	डालचंद पिता नर्मदा की शेष भूमि	ओमनारायण बगैरह की भूमि	डालचंद पिता नर्मदा की शेष भूमि	—	—	—	—
7	314	भूमिस्वामी	कृषि	0.07	सुन्दरलाल पिता मुन्नालालमहरा जाति महरा नि.ग्रा. भूमिस्वामी	सुन्दरलाल पि. मुन्नालाल की भूमि	सुखराम बगैरह की भूमि	सुन्दरलाल पि. मुन्नालाल की शेष भूमि	सरदार बगैरह की भूमि	—	—	—	—
8	315/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	सीताराम पिता बराती जाति अहीर नि.ग्रा. भूमिस्वामी	सुन्दरलाल पि. मुन्नालाल की भूमि	सीताराम पिता बराती की शेष भूमि	ओमनारायण बगैरह की भूमि	सुखराम बगैरह की भूमि	—	—	—	—
9	315/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	सुखराम अंतराम रामलाल रामप्रसाद प्यारीबाई रमियाबाई पिता बराती देवलाल शकुनबाई पिता टेकलाल धनोबाई ध.प.स्व. बराती जाति अहीर नि.ग्रा भूमिस्वामी	सुन्दरलाल पि. मुन्नालाल की भूमि	सुखराम बगैरह की भूमि	सीताराम पिता बराती की भूमि	सरदार बगैरह की शेष भूमि	—	—	—	—

10	313/4/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.38	सरदार पिता आशाराम जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	गुपता. पि. सरदार की भूमि	सुखराम बगैरह की भूमि	सरदार बगैरह की शेष भूमि	सरदार बगैरह की शेष भूमि	—	—	—	—
11	312/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.06	गुपता पिता सरदार जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	शासकीय सडक	सरदार बगैरह की भूमि	गुपता पि. संरदार की शेष भूमि	गुपता पि. सरदार की शेष भूमि	—	—	—	—
12	273/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.01	परमा ः देवसिंग प्रेमवती आमवती सुनीता पिता तखतसिंह कत्तोबाई ध. प.स्व. तखतसिंह जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	जामन सिंह बगैरह की भूमि	शासकीय सडक	परमा बगैरह की शेष भूमि	जामन सिंह बगैरह की भूमि	—	—	—	—
13	272	भूमिस्वामी	कृषि	0.11	जामनसिंह जालम सुरेश महेश इन्नाबाई पिता अतरलाल भागवती ध.प. स्व. अतरलाल जाति अहीर नि.ग्रा भूमिस्वामी	द्रोपतीबा ई पति खूबचंद की भूमि	शासकीय सडक	परमा बगैरह की भूमि	जामन सिंह बगैरह की भूमि	—	—	—	—
14	277/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	द्रोपतीबाई पति खूबचंद जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	सखाराम पि. डमरू बगैरह की भूमि	जामन सिंह बगैरह की भूमि	द्रोपतीबा ई पति खूबचंद की शेष भूमि	द्रोपतीबा ई पति खूबचंद की शेष भूमि	—	—	—	—
15	269	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	सखाराम रोहणी पिता दमरू जाति लमाना नि. ग्रा. भूमिस्वामी	जालम पि अतर बगैरह की भूमि	द्रोपतीबा ई पति खूबचंद की भूमि	सुन्दरला ल आ. मुन्नाला ल बगैरह की भूमि	सखाराम पि. डमरू बगैरह की भूमि	—	—	—	—
16	278	भूमिस्वामी	कृषि	0.14	सुन्दरलाल आ. मुन्नालाल विष्णुप्रसाद गौरीशंकर द्वारका अनरूध्द सुभाष वल्द सुन्दरलाल जाति मेहरा नि.ग्रा. भूमिस्वामी	जालम पि अतर बगैरह की भूमि	द्रोपतीबा ई पति खूबचंद की भूमि	सुन्दरला ल आ. मुन्नाला ल बगैरह की शेष भूमि	जामन सिंह बगैरह की भूमि	—	—	—	—
17	279/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.11	जालम सुरेश पिता अतरलाल जाति अहीर नि.ग्रा भूमिस्वामी	जालम पि अतर बगैरह की भूमि	सुन्दरला ल आ. मुन्नाला बगैरह की शेष भूमि	धनीराम पिता पतिराम की भूमि	जामन सिंह बगैरह की भूमि	—	—	—	—
18	280/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.13	धनीराम पिता पतिराम जाति मेहरा नि.ग्रा भूमिस्वामी	धनीराम पिता पतिराम की भूमि	परमा बगैरह की भूमि	डेला प्रसाद पि. हुकमचंद की शेष भूमि	जालम पि अतर बगैरह की भूमि	—	—	—	—

19	283/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.18	डेलाप्रसाद पिता हुकमचंद जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	कोमल आ. खज्जू बगैरह की भूमि	परमा बगैरह की भूमि	परमू बगैरह की भूमि	धनीराम पिता पतिराम की भूमि	—	—	—	—
20	283/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	परसू पिता हुकमचंद जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	कोमल आ. खज्जू बगैरह की भूमि	परमू बगैरह की शेष भूमि	परमू बगैरह की शेष भूमि	डेला प्रसाद पि. हुकमचंद की भूमि	—	—	—	—
21	282/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	कोमल आ. खज्जु मनकीबाई ध.प.स्व. बुध्दू दयाल रामफल रामदीन चोखेलाल पि. बुध्दू मंगल अगर अगरो परवी पिता लखन कलाबती ध.प.स्व. लखन ममता पि. संतराम जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी	शासकीय सडक	परमू बगैरह की शेष भूमि	कोमल आ. खज्जू बगैरह जाति लोहार की भूमि	कोमल आ. खज्जू बगैरह जाति लोहार की भूमि	—	—	—	—
22	227/7	भूमिस्वामी	कृषि	0.09	शिवराम पि. गोकल जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	आवलदे पि. हुकमचंद की भूमि	शासकीय सडक	पंचम पि. दुर्गा की भूमि	शिवराम पि. गोकल की शेष भूमि	—	—	—	—
23	227/6	भूमिस्वामी	कृषि	0.02	पंचम पिता दुर्गा जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	आवलदे पि. हुकमचंद की भूमि	शिवराम पि. गोकल की भूमि	पंचम पि. दुर्गा की भूमि	शिवराम पि. गोकल की भूमि	—	—	—	—
24	228/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.13	आवलदे पत्नी हुकमचंद जाति लमाना नि.ग्रा. भूमिस्वामी	देवसिंह पि. तख्तसिंह की भूमि	पंचम पि. दुर्गा की भूमि	आवलदे पि. हुकमचंद की भूमि	आवलदे पि. हुकमचंद की भूमि	—	—	—	—
25	229/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	देवसिंह पिता तखतसिंह जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	परमानंद पि. तख्तसिंह की भूमि	आवलदे पि. हुकमचंद की भूमि	देवसिंह पि. तख्तसिंह की शेष भूमि	देवसिंह पि. तख्तसिंह की शेष भूमि	—	—	—	—
26	229/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	परमानंद पिता तख्तसिंह जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	देवीप्रसाद पि. चोल की भूमि	देवसिंह पि. तख्तसिंह की शेष भूमि	परमानंद पि. तख्तसिंह की भूमि	परमानंद पि. तख्तसिंह की भूमि	—	—	—	—
27	24/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	देवीप्रसाद पिता चोलसिंह जाति बंजारा नि.ग्रा भूमिस्वामी	संतराम पि. चोल की भूमि	परमानंद पि. तख्तसिंह की भूमि	देवीप्रसाद पि. चोल की भूमि	देवीप्रसाद पि. चोल की भूमि	—	—	—	—
28	24/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.01	संतराम पुत्र चोलसिंह जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	शासकीय सडक	देवीप्रसाद पि. चोल की भूमि	शासकीय सडक	संतराम पि. चोल की शेष भूमि	—	—	—	—

29	27	भूमिस्वामी	कृषि	0.05	रामचंद्र मेलाराम बुधिया मिलखा पिता सौआ रामाबाई ध0प0स्व0 सौआ जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी	विपतलाल पि. सुमरन की भूमि	शासकीय सडक	रामचंद्र बगैरह की भूमि	रामचंद्र बगैरह की भूमि	—	—	—	—
30	28	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	विपतलाल आ. सुमरन जाति गोंड नि.ग्रा भूमिस्वामी	विपतलाल पि. सुमरन की शेष भूमि	रामचंद्र बगैरह की भूमि	सतीश बगैरह की भूमि	विपतलाल पि. सुमरन की भूमि	—	—	—	—
31	26/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	त्वरित पिता सतीश उपाध्याय जाति ब्राम्हण निवासी मिलोनीगंज जबलपुर भूमिस्वामी	सतीश बगैरह की भूमि	सतीश बगैरह की भूमि	शासकीय सडक	विपतलाल पि. सुमरन की भूमि	—	—	—	—
	45	भूमिस्वामी	कृषि	0.01		सतीश बगैरह की भूमि	सतीश बगैरह की भूमि	सतीश बगैरह की भूमि	शासकीय सडक	—	—	—	—
32	313/4/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	रामचन्द्र पिता आशाराम जाति लमाना नि.ग्रा भूमिस्वामी	गुपता पि. सरदार की भूमि	सुखराम बगैरह की भूमि	सरदार बगैरह की शेष भूमि	सरदार बगैरह की शेष भूमि	—	—	—	—
योग	33			2.91						—	—	—	—

1 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।

2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग कमांक 1 सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है।

3. अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात क्रय /विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा।

4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्व कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा –15(1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
क्षितिज सिंघल, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

प्र.क्र.–0005–अ–82–2021–22–जुझारपुर

नर्मदापुरम, दिनांक 24 मार्च 2023

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खानें (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खानें (6) में उसे सामनें दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है। अतः भू-अर्जन एवं पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक तीनस, सन् 2013) की धारा-11 की उपधारा-1 के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खानें (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त अधिनियम की धारा 11 एवं 12 का प्रयोग करनें के लिए प्राधिकृत करता है।

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा-11 की उपधारा (1) एवं 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	सर्वे नंबर	लगभग क्षेत्रफल हेक्टेयर		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
नर्मदापुरम	इटारसी	जुझारपुर	55/1 58/2/1	0.038 हेक्टेयर 0.081 हेक्टेयर	अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी इटारसी	इटारसी-जुझारपुर स्टेशन तक नई तीसरी रेल लाईन परियोजना हेतु रेल्वे विभाग के लिये निजी भूमि का अर्जन
			55/2 58/2/2	0.046 हेक्टेयर 0.064 हेक्टेयर		
			55/3 58/2/3	0.042 हेक्टेयर 0.074 हेक्टेयर		
			54/1/1	0.111 हेक्टेयर		
			54/2	0.440 हेक्टेयर		
			54/3	0.410 हेक्टेयर		
			54/1/1/3	0.0210 हेक्टेयर		
			54/1/1/2/1	0.0160 हेक्टेयर		
			54/1/1/2	0.210 हेक्टेयर		
			54/1/2	0.210 हेक्टेयर		
			53/1	0.015 हेक्टेयर		
			53/2	0.016 हेक्टेयर		
			53/3	0.017 हेक्टेयर		
			53/4	0.019 हेक्टेयर		
			53/5	0.017 हेक्टेयर		
			53/6	0.012 हेक्टेयर		
			53/7	0.013 हेक्टेयर		
			50/2/2	0.016 हेक्टेयर		
			49/1	0.008 हेक्टेयर		
			46/1/2 47/1/2 48/1/2	0.012 हेक्टेयर		
			46/1/1/1	0.014 हेक्टेयर		
			46/1/1/2	0.008 हेक्टेयर		
			46/1/1/3 47/1/1/3 48/1/1/3	0.008 हेक्टेयर		

			46/2/1 47/2/1 48/3/1	0.014 हेक्टेयर		
			46/2/2	0.018 हेक्टेयर		
			46/2/3	0.020 हेक्टेयर		
			46/2/4 47/2/4 48/3/4	0.022 हेक्टेयर		
			46/3/1/1	0.019 हेक्टेयर		
			46/3/1/2	0.005 हेक्टेयर		
			46/3/1/3	0.031 हेक्टेयर		
			46/3/1/4	0.028 हेक्टेयर		
			44/1/1/1 45/1/1/1	0.025 हेक्टेयर		
			44/1/1/2 45/1/1/2	0.025 हेक्टेयर		
			44/1/1/3 45/1/1/3	0.025 हेक्टेयर		
			80/2	0.011 हेक्टेयर		
			100/1	0.008 हेक्टेयर		
			100/2	0.008 हेक्टेयर		
			100/3/1	0.006 हेक्टेयर		
			100/3/2	0.006 हेक्टेयर		
			99	0.046 हेक्टेयर		
			101	0.073 हेक्टेयर		
	कुल योग–			1.185 हेक्टेयर		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता :– इटारसी–जुझारपुर स्टेशन तक नई तीसरी रेल लाईन परियोजना हेतु रेल्वे विभाग के लिये निजी भूमि का अर्जन ग्राम जुझारपुर

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू–अर्जन अधिकारी इटारसी के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नीरज कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा), मध्यप्रदेश

राजगढ़, दिनांक 24 मार्च 2023

क्रमांक 2757/भू–अर्जन /2022 चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके सलंग्न अनुसूची–1 के खाने (4) में वर्णित मकानों की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

प्रकरण क्रमांक .....02...../ अ–82/2022–23 चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक–1 में सुठालिया सिंचाई परियोजना तहसील–सुठालिया जिला–राजगढ़ के ग्राम–कानरखेडी के डूब क्षेत्र के प्रभावित आबादी के अन्तर्गत मकान जिसका कृषकवार, सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची–2 में उल्लेखित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वास ओर पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर ओर परदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 (क्रं. 30 सन 2013) की धारा–11 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है, कि अनुसूचीं–2 के मकानो की अनुसूची–1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

–: अनुसूची (1) :–

सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र प्रभावित मकान :– ग्राम–कानरखेड़ी

स.क्र.	ग्राम का नाम	अर्जनीय मकानो का रकबा		सार्वजनिक प्रयोजन विवरण
		कुल कृषक	रकबा (वर्ग मीटर में)	
1	2	3	4	5
1	कानरखेड़ी	22	2960.28	सुठालिया सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु
योग :–		22	2960.28	

–: अनुसूची (2) :–

तहसील :– सुठालिया जिला :– राजगढ़

सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र प्रभावित मकान :– ग्राम–कानरखेड़ी

स.क.	आबादी के सर्वे नम्बर	नाम कृषक, पिता का नाम, जाति ग्राम	मकान नम्बर	अर्जनीय मकान का माप क्षेत्रफल वर्ग मीटर में
1	2	3	4	5
1	212/1	मुकेश पिता जमनालाल जाति हरिजन	1	84.73
2	212/1	जमनालाल पिता मांगीलाल जाति हरिजन	2	48.45
3	212/1	रामबाबू पिता जमनालाल जाति हरिजन	3	30.81
4	212/1	सुमेर पिता गोपीलाल जाति हरिजन	4	52.64
5	212/1	गोपीलाल पिता मांगीलाल जाति हरिजन	5	46.78
6	208	मुकेश पिता गंगाराम जाति देशवाली	6	164.14
7	208	सुरेश पिता गंगाराम जाति देशवाली	7	167.73
8	208	बनवारी पिता गंगाराम जाति देशवाली	8	115.97
9	208	हरिप्रसाद पिता नारान जाति देशवाली	9	184.74
10	212/1	चन्दरसिंह पिता गंगाराम जाति गुर्जर	10	168.69

क्र.	आबादी के सर्वे नम्बर	नाम कृषक, पिता का नाम, जाति ग्राम	मकान नम्बर	अर्जनीय मकान का माप क्षेत्रफल वर्ग मीटर में
11	212/1	दीपसिंह पित गंगाराम जाति गुर्जर	11	**122.51**
12	212/1	इमरतसिंह पिता नानूराम जाति गुर्जर	12	**233.66**
13	220	(अ) मंदिर श्री हनुमान जी	13(A)	**570.00**
14	220	(ब) शासकीय भवन	13(B)	**55.70**
15	94	कंचनसिंह पिता भावसिंह	14	**31.86**
16	81/2/3	मथुरा गिर पिता इमरत सिंह जाति गोसाई	15	**80.77**
17	81/1/1	छोटेगिर पिता राजगिर जाति गोस्वामी	16	**202.68**
18	80/1	बसंती गिर पिता कल्लू गिर जाति गोस्वामी	17	**66.40**
19	81/2/1	अयौध्याबाई पत्नि चंचल गिर गोस्वामी	18	**138.72**
20	72/1	डूंगा गिर पिता नन्नू गिर पिता गोंस्वामी	19	**98.23**
21	72/1	लक्ष्मणसिंह पिता नन्नू गिर जाति गोस्वामी	20	**57.71**
22	72/1	लक्ष्मण गिर पिता फूल गिर जाति गोस्वामी	21	**237.36**
		योग :–		**2960.28**
			या.(हे.में)	**0.296**

भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू–अर्जन अधिकारी (राजस्व) ब्यावरा, जिला – राजगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

क्रमांक 2747 /भू–अर्जन /2022 चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके सलंग्न अनुसूची–1 के खाने (4) में वर्णित मकानों की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

प्रकरण क्रमांक ..... 01 ...../ अ–82/2022–23 चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक–1 में सुठालिया सिंचाई परियोजना तहसील–सुठालिया जिला–राजगढ़ के ग्राम–लसुडलिया मीना के डूब क्षेत्र के प्रभावित आबादी के अन्तर्गत मकान जिसका कृषकवार, सर्वे क्रमवार विवरण अनुसूची–2 में उल्लेखित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वास ओर पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर ओर परदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 (क्रं. 30 सन 2013) की धारा–11 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है, कि अनुसूची–2 के मकानो की अनुसूची–1 में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

–: अनुसूची (1) :–

सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र प्रभावित मकान :– ग्राम–लसुडलिया मीना

स.क्र.	ग्राम का नाम	अर्जनीय मकानो का रकबा		सार्वजनिक प्रयोजन विवरण
		कुल कृषक	रकबा (वर्ग मीटर में)	
1	2	3	4	5
1	लसुडलिया मीना	3	281.99	सुठालिया सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु
योग :–		3	281.99	

–: अनुसूची (2) :–

तहसील :– सुठालिया

जिला :– राजगढ़

सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र प्रभावित मकान :– ग्राम–लसुडलिया मीना

